प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

28.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

## मुख्य समाचार

- प्रदेश में भारी वर्षा व हिमपात से जनजीवन प्रभावित–पांच राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित साढ़े 5 सौ से अधिक सड़कों पर यातायात बाधित।
- मुख्यमंत्री की लोगों से नदी–नालों के समीप न जाने और एहतियात बरतने की अपील।
- प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा–हिमाचल में कांग्रेस संगठन पैरालाईज्ड नहीं, नई कार्यकारिणी जल्द होगी गठित।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मंदिरों की धनराशि से सरकारी योजनाएं चलाने का लगाया आरोप।

**समाचार विस्तार से..........**

## हिमाचल मौसम

प्रदेश में पिछले दो–तीन दिन से हो रही भारी वर्षा व हिमपात से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारी बर्फबारी व भू–स्खलन के कारण राज्य में पांच राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित साढ़े पांच सौ से अधिक सड़कें यातायात के लिए बाधित है जबकि 2 हजार 2 सौ से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर भी ठप्प हो गए हैं। खराब मौसम को देखते हुए किन्नौर और लाहौल स्पिति जिले में कल पहली मार्च को भी सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा मनाली, बंजार व कुल्लू उपमण्डल में भी शिक्षण संस्थानों में कल अवकाश रहेगा। हालांकि बोर्ड परीक्षाएं यथावत होंगी। इधर शिमला के निजी स्कूल ऑकलैंड हाउस में भी कल छुट्टी का ऐलान किया गया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......

**डिस्पैच...56''**............हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी वर्षा व हिमपात से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर भू–स्खलन व जनजातीय क्षेत्रों में ग्लेशियर खिसकने की घटनाएं भी हुई हैं। चम्बा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी की कुमार पंचायत में ग्लेशियर की चपेट में आने से 3 लोग बमुश्किल बहते–बहते बचे। इनमें से एक को गम्भीर चोट आई है। इस घटना में एक मकान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पांगी घाटी में साढ़े तीन फुट से अधिक ताजा बर्फबारी हुई है। पर्यटन नगरी मनाली में भी लगभग एक फुट हिमपात हुआ है। कुल्लू जिला में पहनाला में बादल फटने से दर्जनों वाहन बाढ़ के मलबे में दब गए जबकि सरवरी नदी का पानी स्थानीय पार्किंग में भर जाने से कई गाड़ियां वहां फंस गई हैं। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों लाहौल स्पिति, किन्नौर, पांगी, भरमौर, और डोडरा क्वार का सम्पर्क शेष विश्व से कटा हुआ है वहीं व्यापक वर्षा से नदी–नालों का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से नदी नालों के समीप न जाने और एहतियात बरतने की अपील

की है। इस बीच मौसम विभाग ने आज रात भी प्रदेश में भारी वर्षा व बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

एहतियात–सीएम

लगातार हो रही वर्षा के बाद नदी–नालों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों से एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मूसलाधार वर्षा से ब्यास सहित अन्य नदियों के जलस्तर में काफी बढ़ोतरी हुई है और सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

किन्नौर जिले में भारी हिमपात व भू–स्खलन से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सभी सम्पर्क सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं। राष्ट्रीय उच्च मार्ग–5 पर भी यातायात बाधित है। आसरंग, कल्पा, रिकांगपिओ और अन्य स्थानों पर आधा फुट से तीन फुट तक ताजा बर्फबारी रिकार्ड की गई है। लाहौल स्पिति जिले में भी भारी हिमपात हुआ है। केलंग में दो फुट से अधिक ताजा बर्फबारी हुई है जबकि कुछ क्षेत्रों में तीन से चार फुट तक बर्फ पड़ी है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि अगले दो दिन अधिकतर भागों में मौसम में सुधार होगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों को पारदर्शी शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दो वर्षों में इस दिशा में कई कदम उठाए हैं। प्रदेश में लम्बे समय से विभिन्न विभागों में संवेदनशील पदों पर आसीन अधिकारियों के तबादले की प्रक्रिया फिर शुरू हो गई है और मुख्यमंत्री ने विभागों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों से पिछले वित्त वर्ष में खनन से राज्य सरकार को 3 सौ 14 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है जो वित्त वर्ष के अंत तक 3 सौ 60 करोड़ रूपए तक होने की उम्मीद है।

रजनी पाटिल

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन जल्द ही कर लिया जाएगा। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस संगठन पैरालाईज्ड नहीं है और केन्द्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद प्रदेश में कांग्रेस की मजबूत सरकार बनी है। रजनी पाटिल अपने दो दिवसीय प्रदेश दौरे के दौरान मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठकें कर फीडबैक लेंगी।

कांग्रेस–सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस मुख्यालय में रजनी पाटिल से मुलाकात की और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रजनी पाटिल हिमाचल की राजनीति से वाकिफ रही हैं और उनके अनुभव का पार्टी को फायदा मिलेगा।

## धारा सरस्वती

आकाशवाणी शिमला की कार्यक्रम प्रमुख धारा सरस्वती लगभग 35 वर्षों के लम्बे सेवाकाल के बाद आज सेवानिवृत्त हो गयीं। उन्होंने वर्ष 1989 में आकाशवाणी शिमला से अपनी सेवाओं की शुरूआत की और इस दौरान उन्होंने आकाशवाणी जालंधर और दूरदर्शन केन्द्र शिमला में भी विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी। धारा सरस्वती ने इस दौरान कई लोकप्रिय कार्यक्रमों में निर्माता व निर्देशक के तौर पर भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आकाशवाणी शिमला में आज हुए एक समारोह में आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलस्टर प्रमुख कश्मीर सिंह और अन्य अधिकारियों ने धारा सरस्वती के योगदान की सराहना की।

## मंदिर पैसा

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मंदिरों का पैसा सरकारी योजनाएं चलाने के लिए खर्च करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट झेल रही राज्य सरकार ने दो फ्लैगशिप योजनाएं चलाने के लिए मंदिरों से जमा राशि देने को कहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाषा कला व संस्कृति विभाग के सचिव की ओर से अनेक जिलों के उपायुक्तों को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। इस पत्र में सुख शिक्षा योजना और मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लिए अंशदान देने को कहा गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंदिरों का पैसा आपदा या मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए खर्च किया जाता है ऐसे में सरकारी योजनाएं चलाने के लिए मंदिरों से पैसा मांगना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## सीएम–बयान

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जयराम ठाकुर के आरोपों को निराधार बताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने सुखाश्रय योजना के लिए मंदिरों से कोई पैसा नहीं लिया है जबकि इसके लिए सरकार ने अलग से बजट रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपायुक्तों को सिर्फ बच्चों का दाखिला शुल्क जमा करवाने के आदेश दिए गए हैं ताकि बच्चों का दाखिला रद्द न हो। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर के मीडिया सलाहकार बिना सोचे समझे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देते हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में भारी वर्षा व हिमपात से जनजीवन प्रभावित—पांच राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित साढ़े 5 सौ से अधिक सड़कों पर यातायात बाधित।
- मुख्यमंत्री की लोगों से नदी—नालों के समीप न जाने और एहतियात बरतने की अपील।
- प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने कहा—हिमाचल में कांग्रेस संगठन पैरालाईज्ड नहीं, नई कार्यकारिणी जल्द होगी गठित।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मंदिरों की धनराशि से सरकारी योजनाएं चलाने का लगाया आरोप।